Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 7:05 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:39 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 44 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 31 जुलाई 2025



निक जोनस ने प्रियंका चोपड़ा के...पेज-3 पर


News कॉर्नर

## आंगनबाड़ी कर्मचारी बन ठगों ने 15 हजार की ठगी

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में एक युवती से आंगनबाड़ी कर्मचारी बन ठगों ने 15 हजार की ठगी कर ली। युवती की ओर से कोतवाली में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। बता दें मल्लीताल क्षेत्र निवासी राधा ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि सुबह उनकी गर्भवती भाभी के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई जिसमें कॉलर ने खुद को आंगनबाड़ी का कर्मचारी बताया और गर्भवती महिला को आर्थिक लाभ देने की बात कही लेकिन महिला ने उसकी ननद से बात करने की बात कही। जब युवती ने कॉलर से बात की तो उसने युवती की भाभी के लिए 2 हजार रुपये गूगल पे से भेजने की बात कही साथ ही पेमेंट को एसेप्ट करने की बात कही। युवती की ओर से पेमेंट एसेप्ट करते ही उसके अकाउंट से पैसे कटना शुरु हो गया और देखते ही देखते 15 हजार रुपये कट गए। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि युवती से 1930 में कॉल कराई गई। जिसके बाद युवती की शिकायत पर जांच की जा रही है।

## गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**रुद्रपुर।** थाना पुलभट्टा क्षेत्र में एक गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में तबियत बिगड़ गई। उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक पुलभट्टा क्षेत्र सिरौलीकला निवासी नगमा पांच माह की गर्भवती थी और उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में तबियत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की उम्र 40 वर्ष बताई जा रही है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वहां मौजूद लोगों से जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना पर मृतका के मायके वाले भी पहुंच गए। मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया। मृतका के दो बच्चे हैं। पुलिस ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# एक वोट से मिली अंकिता व रजनी को जीत, नितिन टॉस से बने प्रधान

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**







प्रदेश में दो चरणों में संपन्न हुए पंचायत चुनाव के आज नतीजे आ रहे हैं। 89 विकासखंडों में मतगणना का कार्य चल रहा है। चमोली जिले में प्रत्याशियों के बीच रोचक मुकाबला देखने को मिला।
चकराता के पेनुवा पंचायत से प्रधान पद पर अंकिता एक वोट से जीतीं। दिलचस्प मुकाबले में अंकिता को 134 व राधा देवी को 133 वोट मिले और पांच वोट रद्द हुए।
चकराता के चातरा पंचायत से प्रधान पद पर शीला नौटियाल 305 मतों से जीतीं। शीला को 423 और रीना नौटियाल को 118 वोट मिले। जबकि 38 वोट रद्द हुए।
वहीं नारायणबगड़ में ग्राम पंचायत कोट के प्रधान पद पर रजनी देवी और कुलदीप सिंह को 72-72 मत प्राप्त हुए। उसके बाद दोबारा मतगणना कराई गई। जिसमें रजनी देवी को 73 और कुलदीप सिंह को 72 मत मिले। इस तरह रजनी देवी एक वोट से चुनाव जीत गई।
किस्तुड पंचायत से प्रधान पद पर रीना 311 मतों से विजयी। रीना को 338 व निर्मला को 27 वोट मिले और सा वोट रद्द हुए। विकासखंड चकराता के चिल्हाड पंचायत से प्रधान पद पर सर्वानन्द बिजल्वाण 25 मतों से विजयी रहे। सर्वानन्द को 252 व राजेंद्र दत्त को 227 वोट मिले और पांच वोट रद्द हुए।
रुद्रप्रयाग जिले के अगस्त्यमुनि ब्लॉक के ग्राम कांदी गांव में पर्ची से लक्ष्मी देवी प्रधान घोषित हुई। उन्हें और पूनम देवी को 168-168 मत मिले।

### क्षेत्र पंचायत सदस्यों में भी युवा चेहरे निकले

# नव निर्वाचित प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों के चेहरे खिले

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**



विकास खण्ड में आयोजित ग्राम प्रधान पद के चुनाव की मतगणना गुरुवार को एच.एन. इंटर कॉलेज, रामपुर रोड हल्द्वानी स्थित मतगणना केंद्र में शांतिपूर्ण ढंग से चल रही हैं।

विभिन्न ग्राम पंचायतों के परिणामों ने जहां राजनीतिक समीकरणों को नए सिरे से गढ़ा, वहीं ग्रामीण नेतृत्व में नए युवा और महिला चेहरों के उभार को भी उजागर किया। कुल मतदान केंद्रों की दो-दो यूनिटों पर मतगणना की गई, जिसमें निर्वाचित प्रत्याशियों के चेहरों पर विजयी मुस्कान देखने को मिली। ग्राम सभा नया गाँव कटान से राजेंद्र प्रसाद 90 मतों से,ग्राम सभा खनवाल कटान से पूनम जांगी 180 मतों से,लछमपुर ग्राम पंचायत से तनुजा पाण्डे ने 493 मतों के भारी बहुमत से जीत दर्ज कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने राधा तिवारी और सरिता सम्भल को निर्णायक रूप से पराजित किया।ग्राम सभा सुन्दरपुर रेकवाल से उमा रेकवाल, जगतपुरा से यशवंत कार्की, आम खेड़ा गीता बुघानी, कुंवरपुर से चित्रा बिष्ट, किसन पुर रेकवाल से तारेश बिष्ट, सीतापुर से युवा चेहरे सोनिया प्रीत ने जीत हासिल कर प्रधान पद पर कब्ज़ा किया।

क्षेत्र पंचायत सदस्यों में भी युवा चेहरे निकल कर आ रहें है। सबसे रोचक मुकाबला लाखन मंडी चोरगालिया क्षेत्र पंचायत का रहा जहाँ मात्र 7 मतों से मनमोहन गहतोड़ी विजयी रहें। क्षेत्र पंचायत बसंतपुर से गीता चूफ़ाल, जगतपुर से विक्रम बर्गली, खानपुर कटान से गीतिका, आमखेड़ा से इंद्रजीत सिंह, देवला तल्ला से रेखा नगरकोटि क्षेत्र पंचायत सदस्य चुने गये। खबर लिखें जाने तक दूसरे राउंड की मतगणना चल रहीं है और देर रात्रि तक सभी चुनाव परिणाम आ जायेंगे। एचएन इंटर कॉलेज में मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से चल रही है। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। प्रत्याशियों, एजेंटों और मीडिया के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे मतगणना सुचारु रूप से चल सके।

# बनभूलपुरा में घर से लाखों का सामान उड़ा ले गए चोर

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

चोरों ने पुलिस की चौकसी की पोल खोलते हुए बनभूलपुरा के नई बस्ती में सुबह सुबह घर से लाखों का सामान उड़ा कर पुलिस को चुनौती दी है। घटना के वक्त परिवार सोया हुआ था। छत का दरवाजा बंद करना परिवार भूल गया जिस कारण चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। सोने और चांदी के जेवरात समेत हजारों की नकदी चोरों ने पार कर ली। सूचना के बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया है। सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

बनभूलपुरा वार्ड-30, नई बस्ती निवासी अशकार हुसैन ने बताया कि सुबह उनके भाई आबिद हुसैन, उनकी पत्नी और बच्चे घर पर सोए हुए थे। तड़के साढ़े चार बजे के आसपास कुछ अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर लाखों का सामान उड़ा लिया। चोरी होने वाले सामान में एक सवा तोले का सोने का नेकलेस, चांदी के ब्रेसलेट व पायल, लैपटॉप, मोबाइल फोन और 25 हजार रुपये की नकदी शामिल है। अशकार ने बताया कि भाई का पारिवार मंगलवार रात को छत का दरवाजा बंद करना भूल गया था। जिस कारण चोरों ने सेंध मारी और मौका पाकर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। उन्होंने बताया कि वार्ड में सभी लोगों की छतें एक-दूसरे से लगी हुई हैं। जिस कारण आरोपियों को आसानी हुई होगी। प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस को मौके पर भेजा गया था। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। बताया कि शीघ्र आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा। इस चोरी से पुलिस की सक्रियता पर कई सवाल खड़े हो रहे है।

## बंद घर से स्कूटी व सामान किया पार

**हल्द्वानी।** चोरों का आतंक नगर में बढ़ता ही जा रहा है चोरों ने बंद घर का ताला तोड़ कर पुलिस की रात्रि गश्त की पोल खोल कर पुलिस की चौकसी को धता बताते हुए कई सवाल खड़े कर दिए है। गृह स्वामिनी ने पुलिस को तहरीर सौंप कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। सौंपी तहरीर में राधा भोज पत्नी सुरेंद्र भोज निवासी 15 जुलाई को अपने परिवार के सदस्य के साथ दिल्ली किसी रिश्ते दार के यहां गई थी। जब राधा 18 जुलाई को दिल्ली से अपने घर लौट कर अपने घर आई तो उसके पैरों के नीचे धरती खिसक गई। उसने देखा कि मकान का ताला टूटा है जब वह घर के अंदर गई तो सारा सामान बिखरा है और वहां खड़ी स्कूटी चोरों ने स्कूटी के साथ-साथ अन्य सामान पर भी हाथ साफ कर दिया पुलिस ने तहसील के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# चोरगलिया आमखेड़ा से निर्दलीय लीला ने भाजपा प्रत्याशी को दी करारी शिकस्त

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**



बिष्ट ने फहराया परचम हल्द्वानी। हल्द्वानी ब्लाक के गौलापार क्षेत्र के युवा नेता अर्जुन बिष्ट का संघर्ष रंग लाया। गौलापार की 19 आमखेड़ा चोरगलिया जिला पंचायत सीट से अर्जुन बिष्ट की पत्नी लीला बिष्ट ने जीत हासिल की है।

लीला बिष्ट का मुकाबला भाजपा की घोषित प्रत्याशी अनीता बेलवाल और विद्या बिष्ट से था। त्रिकोणी मुकाबले में यह सीट काफी रोचक बनी हुई थी और लोग यह मान रहे थे कि अनीता बेलवाल शायद इस सीट पर जीते मगर लीला बिष्ट ने यहां जोरदार जीत अर्जित की है। इस सीट पर लीला बिष्ट की जीत पर अर्जुन बिष्ट ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उनके संघर्ष खो स्वीकार किया है। भविष्य में भी जनता की समस्याओं के लिए संघर्ष जारी रहेगा। लीला बिष्ट ने अपनी निकटतम प्रत्याशी भाजपा समर्थित अनीता बेलवाल को लगभग 4 हजार मतों से हराकर परचम लहराया।

## अल्मोड़ा में 21 साल की निकिता बनीं बीडीसी मेंबर




**अल्मोड़ा।** चौखुटिया विकासखंड के कोटुड़ा टेड़ागांव से निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य निकिता ने क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) पद पर जीत हासिल की है। निकिता 21 साल की है। निकिता को 456 वोट मिले है।

अल्मोड़ा जिले के चौखुटिया विकासखंड के कोटुड़ा टेड़ागांव से निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य निकिता ने क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) पद पर जीत हासिल की है। निकिता 21 साल की है। निकिता को 456 वोट मिले, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी निशा को 415 वोट मिले हैं। निकिता ने 41 मतों के अंतर से यह मुकाबला जीता है।

# भाजपा विधायक के समर्थक आपस में भिड़े

**गदरपुर**
**हमारे संवाददाता**



गदरपुर में मतगणना स्थल के बाहर निर्वाचित प्रत्याशी को उठाने को लेकर गदरपुर विधायक अरविंद पांडे और रुद्रपुर भाजपा विधायक के समर्थक आपस में भिड़े। पुलिस ने लाठियां फटकार कर लोगों की भीड़ को तीतर भीतर किया। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिणामों को लेकर खटीमा विधायक भुवन कापड़ी ने जिला पंचायत सदस्य पदों की मतगणना में धांधली का आरोप लगाया है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में रुद्रपुर ब्लॉक के शांतिपुरी न.3/4 से ग्राम प्रधान पद पर बचुली देवी ने जीत दर्ज कर अपने समर्थकों के साथ जोरदार जश्न मनाया। पंचायत चुनाव के काशीपुर ब्लॉक से पहले चरण का मतों की गणना पूरी हो चुकी है। क्षेत्र से प्रधान पद के लिए गुलजारपुर से करनजीत कौर 258 वोट, खरमासी से विनय कुमार भारती 314 वोट, गोपीपुरा से विनीता चौधरी 62 वोट, कट्टैया से इकरा 512 वोट, गुलड़िया से तब्बुस्सम वारसी 552 वोट, कनकपुर से सुखविंदर कौर 556 वोट, खरमासा से हंसी पंत 447 वोट और चांदपुर से तारावती 488 वोटों से विजयी हुईं। वहीं, काशीपुर में मतगणना स्थल पर बारिश भी शुरू हो गई है।

# टैक्सी बाइकों के खिलाफ कार्रवाई, मचा हड़कंप

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में वर्ष 2017 के बाद पंजीकृत टैक्सी बाइकों के संचालन को रोकने व सड़क सुरक्षा समिति बैठक में पास प्रस्तावों को मूर्त रुप देने के लिए नैनीताल में बुधवार को अधिकारियों को ही सड़कों पर उतरना पड़ा। मामले में अपर जिलाधिकारी, तथा उप जिलाधिकारी व आरटीओ और पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर 47 टैक्सी बाइक स्वामियों के खिलाफ चालान करने के साथ ही 6 वाहन सीज किए। प्रशासन की अचानक चली इस कार्रवाई से नगर में टैक्सी बाइक संचालकों में हड़कंप मच गया।





बता दें कि हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार वर्ष 2017 के बाद की पंजीकृत बाइकों का संचालन नैनीताल शहर में पूरी तरह से प्रतिबंधित है, इसके बाद भी धड़ल्ले से नैनीताल शहर में टैक्सी बाइकों का कारोबार काफी फल फूल रहा है। बीते दिनों सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में शहर की 5 सड़कों को बाइक मुक्त करने और संपर्क मार्गों को गूगल मैप से हटवाने का निर्णय लिया गया था, साथ ही प्रतिबंधित टैक्सी वाहनों का संचालन शहर में रोकने के लिए अभियान चलाने का प्रस्ताव समिति ने पास किया था जिसके तहत बुधवार को अपर जिलाधिकारी विवेक राय, संभागीय परिवहन अधिकारी गुरदेव सिंह तथा उप जिलाधिकारी नवाजिश खलिक ने पुलिस बल की मदद से विशेष अभियान चलाया। इस दौरान मल्लीताल पुराना घोड़ा स्टैंड पर टैक्सी बाइकों को रोकने व कार्रवाई की खबर से टैक्सी बाइक कारोबारियों में हड़कंप मच गया। कारोबारियों ने प्रशासन की टीम को रोकने और कार्रवाई नहीं करने की मांग को लेकर विरोध भी जताया लेकिन टीम ने लोगों की एक नहीं सुनी जिससे कार्रवाई टीम व बाइक संचालकों के बीच बहस भी हुई। इस दौरान एडीएम तथा एसडीएम व संभागीय परिवहन अधिकारी ने टैक्सी बाइकों को रोक- रोक कर कार्रवाई की। अभियान में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत समेत टीटीओ अनुभा आर्या, टीएसआई हरीश फ र्त्याल, अमित कुमार, दयाल चंद्र, वीरेंद्र गोले, सुमित चौधरी व चंदन ढैला समेत अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने बताया कि वर्ष 2017 के बाद पंजीकृत वाहनों का नैनीताल में संचालन प्रतिबंधित होने संबंधित हाई कोर्ट के आदेश के अनुपालन में अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान 47 टैक्सी बाइक स्वामियों पर चालानी कार्रवाई के साथ ही 6 टैक्सी बाइक सीज कर दिए गए हैं। कहा कि अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

## रौंग साइड कार चलाना व पुलिस से भिड़ना पड़ा महंगा

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में कोतवाली के समीप रौंग साइड कार चलाना और पुलिस से भिड़ना पर्यटक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने पर्यटक के खिलाफ एमवी एकट के तहत कारवाई की है।

जानकारी के अनुसार देर रात एक पर्यटक अपनी कार डीएल 7 सीआर 3530 लेकर मस्जिद से कोतवाली की ओर ले आया। वहां मौजूद पुलिसकर्मी ने कार को रोक पर्यटक से रौंग साइड न जाकर वापस सही दिशा से चलने की बात कही। जिस पर पर्यटक पुलिस से भिड़ गया। जब पुलिस ने कार्रवाई की बात कही तो वह अपनी ऊंची पहुंच बताने लगा। पर्यटक के कई लोगों से पुलिस को कॉल कराई लेकिन पुलिस ने पर्यटक के खिलाफ़ कार्रवाई की बात पर अड़ गई। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि सोनिपत हरियाणा निवासी संदीप के खिलाफ एमवी एकट के तहत चालानी कार्रवाई की है।



## माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र में तीन दिवसीय कार्यशाला

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र में बुधवार से तीन दिवसीय कार्यशाला शुरु हो गयी है। कार्यशाला के प्रथम दिवस में छात्र-छात्राओं को चॉकलेट बनाने की विधि बताई गई। केंद्र की प्राध्यापक डा. किरन तिवारी ने प्रतिभागियों को चॉकलेट बनाने की विधि के बारे में विस्तार से बताया। डा.तिवारी ने चॉकलेट में इस्तेमाल होने वाले चीजों के बारे में बताया और बताया कि चॉकलेट बनाने में लगभग एक से डेढ़ घंटे का समय लगता है उसके बाद इसकी मार्केटिंग करके बाजार में बेच सकते हैं। कार्यशाला में नैनीताल के अधिकांश विद्यालयों और विश्वविद्यालय के छात्र.छात्राओं एवं महिला समूह ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों में काफ ी उत्साह दिखा। कार्यशाला में बताया कि चॉकलेट को उपहार के रूप में भी प्रयोग किया जा सकता है। इस मौके पर केंद्र की निदेशक प्रो.नीता बोरा शर्मा ने बताया कि इन गतिविधियों का उद्देश्य प्रतिभागियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है और उन्हें आत्मनिर्भर की दिशा में सशक्त बनाना है। इस अवसर पर भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता समेत डॉ. नीलम, गीतिका नेगी, मोहनलाल शाह बाल विद्या मंदिर की शिक्षिका प्रमिला बिष्ट, निशांत स्कूल की प्रधानाचार्या तारा बोरा समेत दीपा पनेरू, विमला जोशी, कनिका मेहरा, प्रकृति समूह, लक्षिता, माहीका, सत्येंद्र, अविनाश, राकेश, सचिन तथा डीएसबी परिसर के विद्यार्थी एवं शोधार्थी शामिल रहे।

## रामनगर पंचायत चुनाव में 70 प्रतिशत महिला मतदाताओं की भागीदारी

रामनगर

हमारे संवाददाता

गांव की सत्ता की चाबी किसके हाथ लगेगी इसका जवाब तो अब कुछ घंटों में सामने आ जाएगा लेकिन पंचायत चुनाव में सोमवार को रामनगर की गलियों में जो नज़ारा देखने को मिला, उसने एक बात तो साफ कर दी इस बार लोकतंत्र की असली ताकत बनीं महिलाएं।

सुबह सूरज की पहली किरण के साथ ही गांव की पगडंडियों और गलियों में एक सजीव लहर दौड़ पड़ी। लाठी टेकती बुज़ुर्ग महिलाएं हों या पहली बार वोट देने आई युवतियां सभी ने पूरे जोश के साथ लोकतंत्र के इस पर्व को जिया। दिन चढ़ते-चढ़ते यह उत्साह आंकड़ों में भी झलकने लगा। जहां पुरुष मतदाता धीरे-धीरे वोटिंग बूथों तक पहुंचते दिखे, वहीं महिलाओं ने मोर्चा संभाल रखा था। दोपहर तक महिलाएं पुरुषों को टक्कर देने लगीं और जैसे-जैसे घड़ी शाम की ओर बढ़ी, उन्होंने यह साबित कर दिया कि अब वे सिर्फ घर की नहीं, ग्राम की सरकार की भी भागीदार हैं। अंतिम आंकड़ों के अनुसार, कुल 57,736 मतदाताओं ने वोट डाले, जिनमें 29,496 महिलाएं और 28,240 पुरुष शामिल रहे। कुल मतदान प्रतिशत 76.13त्न रहा, लेकिन सबसे बड़ी बात यह रही कि महिला मतदाताओं ने न सिर्फ हिस्सा लिया, बल्कि आंकड़ों में भी पुरुषों को पछाड़ दिया। अब सबकी नजर टिकी है 31 जुलाई को होने वाली मतगणना पर, जो रामनगर डिग्री कॉलेज परिसर में सुबह 8 बजे से शुरू होगी। यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। मतगणना स्थल को पूरी तरह सील कर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पूरी मुस्तैदी से तैनात हैं। हर प्रत्याशी की धड़कनें अब तेज हो गई हैं क्योंकि किस्मत के फैसले अब मतपेटियों से खुलने को हैं। मतगणना केंद्र के बाहर सुरक्षा के साथ-साथ भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। एक तरफ गांव की सियासत के सपने सजाए उम्मीदवार हैं, तो दूसरी ओर मतगणना के बाद की रणनीति तैयार कर रहे समर्थक सबकी नज़र उस घड़ी पर टिकी है जब बैलट की चुप्पी टूटेगी और नया पंचायत भविष्य सामने आएगा। इस बार कौन बनेगा गांव का सरताज और कौन बनकर उभरेगा महिला वोटरों की पसंद, ये जानने के लिए अब ज्यादा इंतज़ार नहीं।

## NEWS / फटाफट

### स्कूटी सवारों पर अभद्रता करने का आरोप

**नैनीताल।** हल्द्वानी के एक कर्मचारी ने नैनीताल में स्कूटी सवारों पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। कर्मचारी ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार एजीएन ग्रीन हल्द्वानी कंपनी के एक कर्मचारी मनोज कुमार ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह अपनी कंपनी के काम से नैनीताल आया था। इस दौरान मल्लीताल में अचानक उनकी बाइक के सामने एक स्कूटी वाला आ गया। इस दौरान जब उसने ठीक से बाइक चलाने की बात कही तो वह अभद्रता में उतर आए। मामले में एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया गया है।

### स्वच्छता टीम ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

**नैनीताल ।** नगर पालिका परिषद नैनीताल की स्वच्छता टीम ने बुधवार को विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। जिसका नेतृत्व मुखय सफ ई निरीक्षक सुनित कुमार और सेनेटरी इंस्पेटर कमल सिंह चौहान ने किया। निरीक्षण के दौरान मुखय बाजारों समेत सार्वजनिक स्थलों और शौचालयों की स्वच्छता स्थिति की जांच की गई। इस दौरान दुकानों के सामने गंदगी पाए जाने तथा प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग होते पाए जाने पर संबंधित व्यापारियों के विरुद्ध चलानी कार्यवाही कर अर्थदंड लगाया गया। जिसमें 5 दुकानदारों के 200-200 रुपएं के चालान किए गए साथ ही व्यापारियों व आमजन को गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग देने के लिए जागरूक किया गया।

### सौंदर्यीकरण को लेकर सभासद ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल स्थित चुंगी की जीर्ण शीर्ण हालात में सुधार और सौंदर्यीकरण को लेकर सभासद पूरन सिंह बिष्ट ने जिलाधिकारी वंदना सिंह को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि यह टोल वर्षों से उपेक्षित स्थिति में है तथा नगर में प्रवेश करने वाले पर्यटकों को सबसे पहले इसी स्थान से गुजरना पड़ता है जिससे शहर की पहली छवि बनती है। कहा कि वर्तमान में यह टोल भवन जर्जर अवस्था में है और पर्यटन नगरी की छवि के अनुकूल नहीं है। इसे मल्लीताल पुलिस चौकी की तर्ज पर आधुनिक डिजाइन व आकर्षक स्वरूप में पुनर्निर्मित किया जाना आवश्यक है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## प्राध्यापकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए त्वरित समाधान की गुजारिश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ नैनीताल (कूटा) ने बुधवार को विवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत से शिष्टाचार भेंट कर प्राध्यापकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके त्वरित समाधान की गुजारिश की।

कूटा के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कूटा के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 2018 जो उत्तराखंड राज्य सरकार द्वारा अंगीकृत के अनुसार कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के परिसरों के प्राध्यापकों को अवकाश की सुविधा दी जाय, उक्त अधिनियम के अनुसार वर्ष में 10 सप्ताह का अवकाश प्राध्यापकों को अनुमन्य है यदि अवकाश पूर्ण नहीं होता है तो उपार्जित अवकाश नियमानुसार स्वीकृत किया जाएगा। प्रो.तिवारी ने कहा कि उक्तानुसार अवकाश, उपार्जित अवकाश या प्रतिकर अवकाश की व्यवस्था की जानी चाहिए।

उन्होंने प्राध्यापकों को कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत प्रोन्नति प्रक्रिया को भी पुनः प्रारंभ करने की मांग की साथ ही उत्तराखंड सरकार द्वारा राजकीय कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा अंशदान योजना (जीआईएस) को रिवाइज किया है कूटा ने कहा कि उक्तानुसार कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों के लिए इस योजना को अभी तक लागू नहीं किया गया है जिसे अतिशीघ्र किया जाए।

प्रो.तिवारी के मुताबिक कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत द्वारा सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए सभी का शीघ्र निवारण करने का आश्वाशन दिया। प्रतिनिधिमंडल में प्रो.नीलू लोधियाल, डॉ.विजय कुमार तथा डॉ.संतोष कुमार शामिल रहे।

## सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र परिषद अलंकरण समारोह आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

पंतनगर के प्रतिष्ठित विद्यालय सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र परिषद अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। मुखय अतिथि प्रबंध निदेशक उत्तराखंड कृषि उत्पादन एवं विपणन बोर्ड के एमडी हेमंत वर्मा व विशिष्ट अतिथि पीएनबी के शाखा प्रबंधक कृष्ण कुमार ने नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई।




इस मौके पर इनडोर स्पोर्ट्स हॉल का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक व लोक नृत्य प्रस्तुत किए। नई कार्यकारिणी में हेड बॉय नीरज रौतेला, स्कूल हेड गर्ल कनक दानू तथा वाइस हेड बॉय कृष्णा कोरंगा, वाइस हेड गर्ल रश्मि गरिया, स्पोर्ट्स कैप्टन बॉय अभय सिंह तथा स्पोर्ट्स कैप्टन गर्ल गौरी कोरंगा, वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन बॉय हितेन सिंह, वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन गर्ल करीना देऊपा तथा कल्चरल इंचार्ज बॉय वैभव कोरंगा और कल्चरल इंचार्ज गर्ल आस्था गोस्वामी चुने गए। मुखय अतिथि हेमंत वर्मा ने छात्रों को अपनी जिमेदारियों को समझने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि कृष्ण कुमार ने छात्रों को सफ ल जीवन जीने के लिए हमेशा अपने गुरुजनों, माता-पिता और अपनी शिक्षा का सम्मान करने का सुझाव दिया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रमोद वर्मा ने छात्र परिषद के लिए निर्वाचित विद्यार्थियों को बधाई दी तथा अतिथियों का अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंध निदेशक प्रमोद वर्मा, अकादमिक निदेशक उमेश बोरा, प्रिंसिपल ब्रिज मोहन कुनियाल और शिक्षक राजेंद्र मेर, दीक्षा चंद, योगिता कोरंगा, मनीष पांडे, खुशाल सिंह कोरंगा, सरिता पासवान, पिंकी, संजीव मल आदि रहे। संचालन शिवांगी कोरंगा और मयंक पाठक ने किया।

# अभिमत

## राजनीतिक जंग!

*प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कई नेताओं के खिलाफ जांच पर विपक्ष उंगली उठाता रहा है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.आर. गवई ने ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सोलिसिटर जनरल एस.वी. राजू से यहां तक कह दिया कि 'कृपया हमें अपना मुंह खोलने के लिए न कहें, अन्यथा हमें ईडी के बारे में कुछ कठोर टिप्पणियां करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। दुर्भाग्य से, मुझे महाराष्ट्र का कुछ अनुभव है। राजनीतिक लड़ाई मतदाताओं के सामने लड़ी जाए। ईडी का इस्तेमाल राजनीतिक लड़ाई में क्यों किया जा रहा है?'*

जांच एजेंसियों को विपक्षी नेताओं के खिलाफ इस्तेमाल करने का सिलसिला पुराना है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कई नेताओं के खिलाफ जांच पर विपक्ष उंगली उठाता रहा है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.आर. गवई ने ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सोलिसिटर जनरल एस.वी. राजू से यहां तक कह दिया कि 'कृपया हमें अपना मुंह खोलने के लिए न कहें, अन्यथा हमें ईडी के बारे में कुछ कठोर टिप्पणियां करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। दुर्भाग्य से, मुझे महाराष्ट्र का कुछ अनुभव है। राजनीतिक लड़ाई मतदाताओं के सामने लड़ी जाए। ईडी का इस्तेमाल राजनीतिक लड़ाई में क्यों किया जा रहा है?' दरअसल शीर्ष अदालत ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की पत्नी बी.एम. पार्वती और राज्यमंत्री बिरथी सुरेश के खिलाफ जारी समन रद्द करने के हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने से इन्कार करते हुए सख्त रुख अपनाया। शीर्ष अदालत ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा कथित अवैध भूमि आवंटन से जुड़े धनशोधन मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ ईडी की अपील पर विचार करने से अनिच्छा जताई है। दलगत राजनीति से अलग हटकर निष्पक्ष भावना से सियासत के विशेषज्ञों का मानना है कि जांच एजेंसियों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने दिया जाना चाहिए। कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की सरकार के दौरान समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का समर्थन लेने के लिए सीबीआई का इस्तेमाल किया गया था। आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में मुलायम सिंह और मायावती के खिलाफ सीबीआई जांच की आड़ में समर्थन लिया जाता रहा। वर्तमान में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार है। सीबीआई की जगह ईडी से जांच कराई जा रही है। जिन लोगों से ईडी पूछताछ कर रही है, वह दूध के धुले नहीं हैं, कुछ न कुछ गड़बड़ जरूर हो सकती है, लेकिन ईडी की जांच के दायरे में ज्यादातर विपक्षी दलों के नेता होने से जांच एजेंसी की कार्य प्रणाली पर संदेह प्रकट किया जा रहा है। इस बीच यह भी देखा गया है कि ईडी की जांच से बचने के लिए कुछ नेताओं ने दलबदल कर लिया। दलबदल करते ही जांच एजेंसी की सक्रियता में कमी आ गई। सियासी गलियारे में कहा जाने लगा कि दलबदल करना गंगा में स्नान करके पाप मुक्त होने जैसा हो गया है। सीबीआई एवं ईडी की जांच और आयकर के छापों का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए।

# देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने की तालाबंदी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ नैनीताल ने कर्मचारियों की मांगें न माने जाने और पालिकाध्यक्ष की ओर से उनकी बात न सुने जाने के विरोध में बुधवार को पालिका के लेखा विभाग में तालाबंदी कर विरोध जताया, साथ ही मांगे न माने जाने पर विरोध प्रदर्शन के साथ ही कार्य बहिष्कार की भी चेतावनी दी।

इस दौरान सफ ाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष त्रिलोचन टांक ने कहा कि कर्मचारियों के वेतन से पैसा कटौती के उपरांत बैंक में जमा नहीं किया जा रहा है और न ही भविष्य निधि का पैसा दिया गया है। कहा कि कर्मचारियों को सफ ाई उपकरण व बरसाती और वर्दी भी मुहैया नहीं कराई गई हैं जिस कारण उन्हें काफ ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि लोन की किश्तों पर भी पालिकाध्यक्ष ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

कहा कि पालिकाध्यक्ष से वार्ता करने पर उन्होंने स्पष्ट मना कर दिया और कहा कि वह ऑफि स नहीं आएंगी।

इसके बाद जब कर्मचारियों ने कहा कि वह फ ाइल घर भिजवा देते हैं आप वहीं साइन कर दें तो इसके लिए भी उन्होंने साफ इनकार कर दिया है, जिसके चलते कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है,कहा कि अगर उनकी बात नहीं सुनी जाती है और मांग पूरी नहीं की जाती है तो वीरवार (आज) को पर्यावरण मित्र 11 बजे से धरना प्रदर्शन करेंगे और विभाग में तालाबंदी रहेगी साथ ही कर्मचारियों से काम पर न जाने की भी कहा गया है। इस दौरान संगठन के महासचिव सोनू सहदेव समेत कमल कुमार, अरविंद, अमित, विजय कुमार, अमन टांक, गणेश, दीपक तथा विनोद आदि मौजूद रहे।

## रात की गश्त में बढ़ी सख्ती, संदिग्ध हालात में मिले दो दर्जन से अधिक लोग, पुलिस ने की गहन पूछताछ

**रामनगर।** पीरूमदारा क्षेत्र में बीती रात पुलिस की सख्त गश्त के दौरान माहौल उस वक्त गरमा गया जब एक साथ 24 संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस ने पकड़कर चौकी लाया। देर रात तक चली इस कार्रवाई में पुलिस की सतर्कता और चैकसी का नज़ारा साफ दिखा। चौकी प्रभारी सुनील धानिक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इलाके में गश्त तेज की थी, जिसके दौरान ये तमाम लोग संदिग्ध परिस्थिति में घूमते मिले। सभी को पूछताछ के लिए चौकी लाया गया, जहां गहनता से पहचान और गतिविधियों की जांच की गई। इस दौरान 12 ऐसे लोग मिले जिनके पास अपनी पहचान का कोई प्रमाण नहीं था। नियमानुसार इनसे संयोजन शुल्क वसूला गया, जिसकी कुल रकम ?3000 बताई जा रही है। इसके अलावा दो मोटरसाइकिलें भी मौके पर सीज की गई हैं जिन पर संदेहास्पद तरीके से यात्रा की जा रही थी। इसी दौरान एक अलग घटना में अमानगढ़, बिजनौर निवासी सुमित सिंह नामक युवक को लोगों ने संदिग्ध अवस्था में पकड़कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को पीरूमदारा चौकी लाया गया। पूछताछ के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि युवक मानसिक रूप से असंतुलित है।

# साढ़े तीन साल से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा ईनामी गिरफ्तार

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



साढ़े तीन साल से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा नाबालिग लड़की को अपहरण कर ले जाने वाला ईनामी एसटीएफ कुमाऊं और पुलिस के ज्वाइंट आपरेशन के दौरान पकड़ा गया। घटना के बाद से ही अपराधी फरार चल रहा था।

पुलिस उसे जेल भेजने की कार्रवाई कर रही। एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने बताया कि राज्य में जघन्य अपराधों में लम्बे समय से वांछित इनामी/भगोड़े अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान सीओ एसटीएफ आरबी चमोला के पर्यवेक्षण में गठित टीम चला रही। उन्होंने बताया कि कुमाऊं एसटीएफ और रुद्रपुर पुलिस के ज्वाइंट ऑप्रेशन में 25 हजार का ईनामी भगोड़े अपराधी अमरजीत कश्यप उर्फ अमर कश्यप पुत्र विजय कश्यप निवासी दूधियानगर रेशमवाड़ी थाना रुद्रपुर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार ईनामी बदमाश पर वर्ष 2021,2022 में रुद्रपुर थाने में मारपीट व झगड़े के 2 मुकदमें दर्ज हैँ। उस पर वर्ष 2022 में रुद्रपुर से एक नाबालिक लड़की का अपहरण कर ले जाने का भी मुकदमा दर्ज है। तभी से वह फरार चल रहा।

एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि पिछले माह से इस अपराधी की गिरफ्तारी के लिए टीम सुरागरसी कर रही। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में उसके होने की सूचना मिली तो पुलिस से संपर्क कर उसकी गिरफ्तारी को नाकेबन्दी की और उसे दबोच लिया। टीम में एसटीएफ कुमाऊं के निरीक्षक एमपी सिंह,हेड कांस्टेबल गोविन्द बिष्ट, संजय कुमार,सुरेन्द्र सिंह कनवाल, गुरवंत सिंह,दीपक भट्ट के अलावा कोतवाली रुद्रपुर के प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी,एसआई चंदन बिष्ट, विजय दरमाल,दीपचंद आदि शामिल रहे। ईनामी महाराष्ट्र, गुजरात में छिप कर रह रहा था।

# फिल्मी दुनिया

## निक जोनस ने प्रियंका चोपड़ा के साथ शेयर कीं शानदार तस्वीरें



*निक जोनस ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर जुलाई के आखिर दिन प्रियंका चोपड़ा और मालती मैरी की शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। ये लाजवाब तस्वीरें उनके वेकेशन के दौरान की हैं। अमेरिकी गायक, गीतकार और अभिनेता निक जोनस और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। आज निक ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बेटी मालती मैरी और पत्नी प्रियंका के साथ कुछ शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। निक की इन तस्वीरों पर प्रियंका ने प्यारा कमेंट कर फैंस का दिल जीत लिया है। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने जुलाई में अपनी बेटी मालती मैरी के साथ समुद्र तट पर और ब्रॉडवे शो में मजेदार समय बिताया। निक ने इंस्टाग्राम पर परिवार के खूबसूरत पलों की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं। इन तस्वीरों और वीडियो में मालती फिश पोंड देखती, गेम खेलती और धूप में मजा करती नजर आईं। आखिरी तस्वीर ने प्रशंसकों को पुरानी यादों में ले जाकर भावुक कर दिया। आखिरी तस्वीर निक और उनके ब्रदर्स की हैं।*

### निक का पोस्ट

*निक ने आज इंस्टाग्राम पर प्रियंका, मालती और अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। ये तस्वीरें जुलाई के वेकेशन के दौरान की हैं। इन तस्वीरों के साथ निक ने कैप्शन में लिखा, %जुलाई%। वहीं निक की इस पोस्ट पर प्रियंका ने जवाब देते हुए लिखा, %एक जैसे (हेयर) कलर्स%। रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रियंका ने अपनी नई फिल्म %हेड्स ऑफ स्टेट% के प्रमोशन के दौरान कहा था कि परिवार के साथ समय बिताना उनकी सबसे बड़ी खुशी है। उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह घर पर आराम करना और परिवार के साथ रहना उनके लिए बहुत खास होता है। वहीं निक ने भी एक इंटरव्यू के दौरान पिता बनने के अनुभव को साझा किया।*

# लोकतंत्र के फैसले की घड़ी आज, सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू

**रामनगर**

**हमारे संवाददाता**

**इंतजार**

- **रामनगर कॉलेज बना केंद्र, सुरक्षा चाक-चौबंद**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना आज सुबह 8 बजे से रामनगर के महाविद्यालय परिसर में शुरू हो गई है। मतगणना को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। बैलेट बॉक्स से होने वाली मतगणना के लिए केंद्र में सख्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

प्रशासन ने मतगणना स्थल के चारों ओर भारी पुलिस बल की तैनाती की है। थाना प्रभारियों से लेकर सर्किल अधिकारी तक पूरे दिन मौके पर डटे रहेंगे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की निगरानी है और मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी मतगणना की हर गतिविधि पर नज़र बनाए हुए हैं। इस बार चुनावी मैदान में उतरे 428 प्रत्याशियों की किस्मत आज खुलने जा रही है। सुबह से ही प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में उत्सुकता और घबराहट दोनों देखने को मिल रही है। कोई मंदिर में माथा टेक रहा है तो कोई समर्थकों के साथ हर पल की खबर पर नज़र रखे हुए है। किसी की आंखों में जीत की उम्मीद से छलकते आंसू हैं तो किसी के चेहरों पर हार की आशंका की गहराई। मगर सभी की निगाहें सिर्फ एक चीज़ पर टिकी हैं मतपेटियों से निकलने वाले उस फैसले पर जो भविष्य तय करेगा। प्रशासन की ओर से साफ निर्देश हैं कि किसी भी तरह के विजय जुलूस, नारेबाज़ी, पटाखे या भीड़-भाड़ की इजाज़त नहीं होगी।

उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीओ सुमित पाण्डेय और कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि प्रत्येक स्तर पर सुरक्षा के इंतज़ाम किए गए हैं। मतगणना पूरी पारदर्शिता के साथ कराई जाएगी। सभी ड्यूटी कर्मियों को दिशा-निर्देश पहले ही जारी कर दिए गए हैं।

News कॉर्नर

## कुंज चौधरी ने सीबीएसई नॉर्थ जोन क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 में जीता कांस्य पदक



रुद्रपुर। शहर के एक स्कूल में कक्षा 7 में अध्ययनरत इंदिरा कॉलोनी निवासी प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ी कुंज चौधरी ने हाल ही में ब्राइट स्टार्ट इंटरनेशनल एकेडमी, जसपुर में आयोजित सीबीएसई नॉर्थ ज़ोन क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर कब्ज़ा जमाया। देशभर के करीब 4000 चुनिंदा खिलाड़ियों की भागीदारी वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कुंज चौधरी ने अपनी शानदार गेंदबाज़ी और खेल के प्रति अनुशासन से टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस उपलब्धि ने रुद्रपुर, उत्तराखंड और उनके माता-पिता का नाम गर्व से ऊँचा कर दिया है। कुंज के पिता, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हरीश चौधरी, ने बेटे की इस सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कुंज बचपन से ही मेहनती और अनुशासित रहा है। उसकी यह उपलब्धि हम सभी के लिए गौरव की बात है। आज वह जिस मुकाम पर है, उसके पीछे उसका जुनून और लगातार मेहनत है। रुद्र लाइंस क्रिकेट अकादमी के कोच नवीन टम्टा और दीपक आर्य ने भी कुंज की इस सफलता में अहम भूमिका निभाई। टम्टा ने कहा कि कुंज में विशेष प्रतिभा है। उसने जो समर्पण और लगन दिखाई है, वह निश्चित रूप से उसे एक दिन राष्ट्रीय टीम तक पहुँचाएगी। यह तो बस उसकी शुरुआत है।पूर्व मेयर रामपाल सिंह, कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ नागेंद्र प्रसाद शर्मा, डिसएबल स्पोर्टिंग समिति के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चूघ अनिल चौहान,प्रमोद शर्मा,बबलू दिवाकर आदि ने बधाई दी।

# विधायक शिव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया,बधाई देने को लगा जमावड़ा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

विधायक शिव अरोरा का जन्म दिन कार्यकर्ताओं ने बड़े धूमधाम से मनाया। बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सोशल मीडिया के माध्यम से भी बधाई देने का सिलसिला जारी रहा।

बुधवार को विधायक शिव अरोरा के जन्मदिन का कार्यक्रम एक होटल में आयोजित हुआ। जिसमें विधायक शिव के हजारों समर्थक,व्यापार, उद्योग जगत, अधिवक्ता,चिकित्सक, जनप्रतिनिधि से लेकर समाज के हर वर्ग के लोग विधायक को जन्मदिन की बधाई देने पहुँचे। होटल में पहुंचे बड़ी संख्या में समर्थको ने बड़ी माला से तो कई ने केक काटकर,तलवार



भेट कर जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि निश्चित रूप से सामाजिक जीवन से लेकर जनप्रतिनिधि के रूप में रुद्रपुर में असंख्य लोगो के साथ स्नेह प्यार लगातार मिलता आया है। विधायक ने जन्मदिन के अवसर पर इतनी बड़ी संख्या में रुद्रपुर विधानसभा व आस पास से शुभकामनायें देने आये सभी का आभार जताया।

**आभार**

● जनप्रतिनिधि समेत हर वर्ग के लोग पहुंचे बधाई देने वाले

इस दौरान मेयर विकास शर्मा, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल,फरजाना बेगम, सुरेश कोली, तरुण दत्ता, राजेश डाबर, किरन विर्क, वेद ठुकराल, डॉ सीमा अरोरा, मुकेश पाल, मयंक कक्कड़, मनोज छाबड़ा, संदीप राव, मनोज मदान, रश्मि रस्तोगी, शालनी बोरा, मानस जायसवाल, सुशील गाबा, जगदीश तनेजा, राजेश जग्गा, एमपी मौर्य, एसपी यादव, सतनाम सिंह, गोविन्द राय समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ट्रांजिट कैंप पुलिस ने चोरी की बाईक के साथ एक नाबालिग समेत तीन दबोचे

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप की चौकी आवास विकास पुलिस ने चोरी की बाईक के साथ एक नाबालिग समेत तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस तीनों से पूछताछ कर रही है। जनपद पुलिस एसएसपी के निर्देश पर अपराध और अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है।

इसी कार्रवाई के तहत प्रभारी निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे के नेतृत्व में थाना पुलिस टीम वांछित अभियुक्तो के कार्रवाई को अभियान चला रही हैं। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मोदी मैदान में तीन चोर बैठे हैं। उनके पास चोरी की बाईक है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंची । पुलिस को देख वहां बैठे तीनों ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने तीनों को घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक 29 जुलाई 2025 को राहुल कुमार पुत्र किशन निवासी पीपला शिवनगर थाना मिलक रामपुर हाल निवासी शिवनगर थाना



ट्रांजिट कैंप ने तहरीर दी थी कि उसकी घर के बाहर खड़ी बाईक चोरी हो गई। पुलिस ने बाईक चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस वांछित, अपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के लिए, पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि मोदी मैदान में चोरी की बाईक के साथ तीन युवक बैठे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंच तीनों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दो युवक समेत एक अपचारी किशोर को संरक्षण में लिया है। कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त राजू माली पुत्र होली लाल निवासी-मानपुर थाना शीशगढ़ जिला बरेली यूपी।

रवि पुत्र रामस्वरूप निवासी-शिवनगर वार्ड 2 थाना ट्रांजिट कैंप मूल निवासी कंजानाथ पट्टी जहानाबाद पीलीभीत यूपी। एक नाबालिग।

कार्रवाई के दौरान चौकी प्रभारी आवास विकास प्रकाश चन्द्र, एएसआई चन्द्रप्रकाश बवाड़ी,हेड कांस्टेबल अनिल कुमार,चन्दन सिंह, नन्दन राम आदि शामिल रहे।

# 2500 मतगणना कार्मिकों का तृतीय व अन्तिम रेंडमाइज़ेशन किया गया समेत कई विषयों पर जानकारी दी गई

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, बुधवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) नितिन सिंह भदौरिया व प्रेक्षक दीप्ति सिंह की उपस्थिति में 2500 मतगणना कार्मिकों का तृतीय व अन्तिम रेंडमाइजेशन किया गया। जिसमें सभी मतगणना कार्मिकों को टेबिल आवंटित हुई। डीएम एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन की मतगणना के लिए 2500 कर्मिक लगाये गये है। मतगणना के लिए विकास खंड खटीमा में 30 टेबिल, सितारगंज में 40 टेबिल, रुद्रपुर में 26 टेबिल, गदरपुर में 34 टेबिल, बाजपुर में 35 टेबिल, काशीपुर में 34 टेबिल व विकास खंड की मतगणना हेतु 26 टेबिल लगाये गये है। उन्होंने बताया कि मतगणना हेतु कार्मिकों की ड्यूटी दो पालियों लगायी गयी है। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, सीईओ /नोडल कार्मिक केएस रावत, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हेमन्त मौर्य, जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट आदि मौजूद थे।



# साईबर ठगी का शिकार महिला से ऑन लाइन 93 हजार रुपए की ठगी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

वर्क फ्रॉम होम का विज्ञापन देख एक महिला ने फेसबुक पर एक क्लिक उसे साईबर ठगी का शिकार बना गई। ठगों ने खुद को विदेशी ट्रेडिंग कंपनी एचआर फॉक्सबिट एक्सचेंज का प्रतिनिधि बताते हुए महिला को भरोसे में लिया और विभिन्न टास्क व लाभ के नाम पर 93,000 की ऑनलाइन ठगी कर ली। पीड़िता ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, कुमाऊं परिक्षेत्र में दर्ज कराई है। पीड़िता श्रीमती सोनी पत्नी सर्वेश कुमार शर्मा, निवासी वार्ड नंबर 1, फुलसुंगा, ने बताया कि उन्हें फेसबुक पर 'वर्क फ्रॉम होम' से पैसे कमाने का एक विज्ञापन दिखाई दिया। उस लिंक पर क्लिक करते ही उन्हें व्हाट्सएप नंबर से जोड़ा गया। उस नंबर पर बातचीत में सामने वाले ने खुद को एचआर फॉक्सबिट एक्सचेंज कंपनी का अधिकारी बताया और दो टेलीग्राम आईडी के जरिये टास्क और भुगतान संबंधी जानकारी भेजी। पीड़िता के अनुसार पहले दिन बिना किसी निवेश के एक टास्क पूरा करने पर उन्हें 380 का भुगतान किया गया। इसके बाद उन्हें धीरे-धीरे बड़ी रकम निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया और मुनाफे का लालच दिया गया। उन्होंने 26 जून 2025 को क्रमशः 1,000, 2,000, 3,000, 10,000 और 30,000 की रकम अलग-अलग UPI में भेजी। ठगों ने आश्वासन दिया कि लास्ट टास्क पूरा होते ही उन्हें 30% मुनाफे के साथ पूरी रकम लौटाई जाएगी। ठगी का यह सिलसिला यहीं नहीं रुका, ठगों ने बाद में अकाउंट फ्रीज होने का बहाना बनाकर 50,000 और जमा करवाए। यह रकम एसबीआई,एचडीएफसी, और बैंक ऑफ बड़ौदा के खातों में भेजी गई। इसके बाद अगले दिन फिर 1,00,000 की मांग की गई, तब जाकर महिला को ठगी का आभास हुआ। पीड़िता ने मामले की गंभीरता को समझते हुए 27 जून 2025 को साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता के अनुसार, उक्त टेलीग्राम आईडी से टास्क भेजे जाते थे और भुगतान के लिए अलग-अलग बैंक खातों की जानकारी दी जाती थी। पेमेंट पूरा करने के बाद स्क्रीनशॉट भेजना अनिवार्य बताया जाता था। लगातार दबाव और लालच देकर उनसे पूरी रकम ऐंठ ली गई। कुल मिलाकर 93,000 की ऑनलाइन ठगी की गई। पीड़िता ने की तहरीर के आधार पर साईबर क्राइम थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में घायल की उपचार के दौरान मौत

हल्द्वानी। सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत के बाद उसके परिजनों ने अज्ञात कर चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंप कर मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस में मुकदमा दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है सौंपी तहरीर में मृतक के साढ़ू दिनेश पुत्र सुखलाल निवासी सुसवार, डालेलगंज पीलीभीत ने कहा है कि एक अज्ञात वाहन नेउसे टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया था।

# डीएम और एसएसपी ने शहीद ऊधम सिंह के चित्र पर माल्यापर्ण किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

शहीद ऊधम सिंह के शहादत दिवस को जनपद में बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया।

मेयर विकास शर्मा, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया,एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एसडीएम गौरव पाण्डेय, डॉ. बलवीर सिंह कलेक्ट्रेट परिवार ने जिला कार्यालय में शहीद ऊधम सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शहीदों को नमन किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात जिलाधिकारी ने



कहा कि शहीद ऊधम सिंह के साथ ही देश के वीर शहीदों की कुर्बानी, बलिदान को कभी भी भुला नहीं सकते, जिनकी कुर्बानी और त्याग के कारण हम सभी नागरिक स्वतंत्र भारत में खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं, युवाओं को शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए देश और समाज को मजबूत बनाने का काम करना होगा।

# विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

एसएसपी मणिकांत मिश्रा के दिशा निर्देशन में बुधवार को विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस के अवसर पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी निरीक्षक बसन्ती आर्य के नेतृत्व में एनजीओ,चाईल्ड हेल्प लाइन का संयुक्त रूप से जन जागरुकता अभियान चला।

इस अभियान के दौरान टीम ने रेलवे स्टेशन, राजकीय इंटर कॉलेज जयनगर, ट्रांजिट कैंप और रुद्रपुर क्षेत्र में मानव तस्करी,बाल विवाह ,बाल श्रम,लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, साइबर क्राइम आदि के संबंध में जन जागरूकता के माध्यम से लोगों को जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने



बताया कि जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानव तस्करी,बाल श्रम, महिलाओं के साथ होने वाले अपराधो और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ प्रभावी उपायों के प्रति सचेत करना है। उन्होंने बताया कि बाल श्रम और मानव तस्करी के खतरों, प्रभावों, और इसके शिकार लोगों के जीवन पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के संबंध में भी लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि कहीं भी कोई संदिग्ध या बेरुपिया नजर आए,तो नजदीक पुलिस स्टेशन पर सूचना दें।

प्रभारी निरीक्षक ने लोगों को शपथ भी दिलाई। इधर रुद्रपुर क्षेत्र में जागरूकता अभियान के दौरान महापौर विकास शर्मा, पार्षद वार्ड 19 खेड़ा सुनील बाबा, बाजार क्षेत्र के पार्षद चिराग कालड़ा, व्यापार मंडल महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव समेत अन्य कर्मी शामिल रहे।

**आयोजन**

● जागरुकता अभियान चला कर बाल विवाह ,बाल श्रम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम